# ANNUAL EXAMINATION 2015-16

## SUB: Hindi

## Class : VII

**Time : 3 Hrs.** **MM: 100**

**प्र.1 सभी विकल्प चुनकर लिखिए।** **5**

क. हॉकी के जादूगर किस नाम से प्रसिद्ध है।

1. परगट सिंह 2. मेजर ध्यानबंद 3. धनराज पिल्लई 4. अजीतपाल सिंह

ख. सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया।

1. डांडिया नृत्य 2. गरबा नृत्य 3. मौनिया नृत्य 4. राई नृत्य

ग. 'राष्ट्रीय खेल दिवस' कब मनाया जाता है।

1. 29 अगस्त 2. 15 अगस्त 3. 26 फरवरी 4. 28 फरवरी

घ. ज्ञानदा का चयन किस संभाग के लिए हुआ था।

1. सागर 2. रीवा 3. ग्वालियर 4. भोपाल

ड. ज्ञानदा किस पोजीशन (स्थान) पर खेल रहे थे।

1. हाफ बैक 2. सेन्टर फारवर्ड 3. राइट आउट 4. लेफन इन

**प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** **8**

1. ..................... तब घने जंगलों से घिरा था।
2. दुग्गन ने उसे ....................... की तरह पाला पोसा था।
3. दुग्गन के हाथ अपने आप ......................... में उठकर जुड़ गए।
4. मैं तुम्हारी प्यास बुझाने के लिए .......................... बन गई हूँ।
5. इस जंगल में अब कभी कोई आदमी ........................ से अपनी जान नहीं देगा।
6. अहिल्या बाई ने 63 वर्ष की अवस्था में युद्ध का ......................संचालन किया।
7. भारत के मन्दिर ....................... कला के अनुपम उदाहरण है।

**प्र.3 निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट करो।** **4**

क. जो चलते हैं, अपने छप्पर के ऊपर लूका धरकर।
हार–जीत का सौदा करते जो प्राणों की बाजी पर।।

**अथवा**

ख. कूद उदधि में नही पलटकर जो फिर ताका करते तीर।
मैं हूँ उनके साथ खड़ी जो सीधी रखते अपनी रीढ़।।

**प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **35**

1. जीवन की बाधाओं को कैसे दूर किया जा सकता है?
2. बालक का नाम छोटा जादूगर क्यों पड़ा?
3. नरबदी झरना क्यों बन गई?
4. अहिल्याबाई को ''लोकमाता'' क्यों कहते हैं?
5. खेलों से हम कौन–कौन से गुण सीखते हैं?
6. प्राणों की बाजी पर सौदा कौन करते हैं?
7. महाराजा अग्रसेनजी का जन्म कब और कहाँ हुआ?

**प्र.5 निम्नलिखित गद्यांश में यथा स्थान विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए।** **3**

वह मन ही मन बके देव को मनाने लगी है बड़े देव मेरे बाबा को बचा लेना उनका प्यास के मारे बुरा हाल है पानी नहीं मिला तो वे मर जाएँगें।

**प्र.6 निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।** **4**

पानी, तालाब, पर्वत, गणेश

**प्र.7 निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** **4**

समर्पित, आँगन, ध्वज, राखी

**प्र.8 किसी एक कवि का जीवन परिचय लिखिए।** **6**

1. श्रीकृष्ण सरल 2. रामावतार त्यागी

**प्र.9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 6**

जब हम सूर्य की किरणों को किसी आतशी शीशे के सहारे एक कागज के टुकड़े पर केन्द्रित करते तो वह जल उठता है, जल में प्रच्छन्न विद्युत को कुछ साधनों से केन्द्रित करके बड़े–बड़े कारखाने चलाए जाते हैं। एकाग्र करके उससे संसार का हिलाया जा सकता है।

1. उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए?
2. संसार को कैसे हिलाया जा सकता है?
3. कागज का टुकड़ा कैसे जल उठता है?

**प्र.10 फीस माफी के लिए प्रार्थना– पत्र लिखिए। 7**

**अथवा**

**निमंत्रण–पत्र (प्रतिभोज हेतु) लिखिए।**

**प्र.11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। 10**

1. कम्प्यूटर
2. मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यान
3. प्रदूषण